# सिद्धार्थनगर पुलिस

## प्रेस नोट दिनांक 30.06.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆थाना त्रिलोकपुर पुलिस द्वारा नाबालिग के साथ दुष्कर्म के आरोप में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया तथा आवश्यक विधिक कार्यवही पूर्ण करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया।**

डॉ0 अभिषेक कुमार महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर महोदय द्वारा अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में श्री प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर व श्री बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के पर्यवेक्षण में हरेकृष्ण उपाध्याय प्रभारी निरीक्षक थाना त्रिलोकपुर के निर्देशन में उ0नि0 अमित कुमार शाही चौकी प्रभारी चौकी बिस्कोहर द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 117/2026 धारा 64(2)/87/137(2) बीएनएस व 5/6 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त अमित कुमार पुत्र किशन निवासी रेकहट थाना ढेबरुआ जनपद सिद्धार्थनगर को आज दिनांक 30.06.2026 को थानाक्षेत्र के दोपेड़वा तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया तथा आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण--------**

**01.**अमित कुमार पुत्र किशन निवासी रेकहट थाना ढेबरुआ जनपद सिद्धार्थनगर।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-----**

**01.**उ0नि0 अमित कुमार शाही थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर।
02.आरक्षी अजय यादव, राहुल यादव थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर।

## प्रेस नोट दिनांक 30.06.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर ने जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना।**

आज दिनांक 30.06.2026 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई किया गया। जनसुनवाई के दौरान कुल 23 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें 10 भूमि विवाद, 04 पारिवारिक विवाद व शेष 09 अन्य से सम्बंधित थे। प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु संबंधित को आदेशित किया गया।

## प्रेस नोट दिनांक 30.06.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना त्रिलोकपुर मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम देवथरी में बहू बेटी सम्मेलन व साईबर जागरूकता अभियान के तहत चौपाल लगाकर चौपाल में महिलाओं/ बालिकाओं को महिला अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध मे जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के पर्यवेक्षण में व बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के कुशल निर्देशन में तथा प्रभारी निरीक्षक हरेकृष्ण उपाध्याय के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत थानाक्षेत्र त्रिलोकपुर के अंतर्गत पड़ने वाले ग्राम देवथरी मे जाकर बालिकाओं/ महिलाओं को एकत्रित कर जनजागरूकता अभियान के तहत सरकार के विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला सम्मान कोष, नारी शक्ति वंदन अधिनियम, मातृ शक्ति को सम्बल, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, आदि अन्य योजनाओ से संबंधी जानकारी को बताया गया। जानकारी देते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों-1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर नए कानून के बारे में जानकारी दी गई।

**मिशन शक्ति टीम थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर-**

**01**.उ0नि0 कृष्ण कुमार पांडे

02. हे0का0 धनन्जय दुबे

03.म 0का0 कंचन सिंह

04.रि0म0आ0 पूजा यादव, कुंजन सिंह, मनीषा सिंह

## प्रेस नोट दिनांक 30.06.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆सेवानिवृत्त हुए 05 पुलिस कर्मियों को पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा "पुलिस अधीक्षक कार्यालय" में की गयी ससम्मान विदाई।**

आज दिनांक 30.06.2026 को जनपद सिद्धार्थनगर से 05 पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण अपनी सम्पूर्ण सेवा काल के दौरान पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं लगन से कार्य करते हुए अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत हुए। इस अवसर पर "पुलिस अधीक्षक कार्यालय" में पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त हुए अधिकारी/कर्मचारीगण हेतु विदाई समारोह आयोजित किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा ससम्मान विदाई की गयी। इस अवसर पर सर्वप्रथम सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियों से उनका परिचय प्राप्त करते हुये सेवाकाल के अनुभवों के बारे में वार्ता की गयी। विदाई समारोह में पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा सेवानिवृत्त हुए कर्मियों को माला पहनाकर, शाल व धर्मग्रन्थ आदि भेंटकर सम्मानित किया गया। उनके द्वारा सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियों के भविष्य की योजनाओं के बारे में जाना गया साथ ही भविष्य में किसी भी प्रकार की समस्या होने पर बेझिझक सम्पर्क करने की बात कही गयी। महोदय द्वारा अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो रहे पुलिसकर्मियों को उनके सुखद, आनन्दपूर्ण व उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए सम्मानपूर्वक विदाई की गयी।

**सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों का विवरण-**

01.उ0नि0ना0पु0 राजकुमार थाना मिश्रौलिया जनपद सिद्धार्थनगर।

02.उ0नि0ना0पु0 पारस नाथ यादव थाना व जनपद सिद्धार्थनगर।

03.मुख्य आरक्षी चालक हरिद्वार प्रसाद परिवहन शाखा जनपद सिद्धार्थनगर।

04.मुख्य आरक्षी ना0पु0 नन्द किशोर थाना डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर।

05.उर्दू अनुवादक खुर्शीद अनवर प्रधान लिपिक शाखा जनपद सिद्धार्थनगर।

## प्रेस नोट दिनांक 30.06.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 (द्वितीय चरण) के तहत थाना उसका बाजार मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम मेहंदीया बुजुर्ग की महिलाओं /बालिकाओं को मिशन शक्ति अभियान, नये कानून, साइबर अपराध सुरक्षा व एंटी रोमियो अभियान के तहत जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 30.06.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी सदर विश्वजीत सौरयान के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार तिवारी के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के क्रम में थाना उसका बाजार मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम मेहंदीया बुजुर्ग की महिलाओं/बालिकाओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही महिला सम्बन्धित विभिन्न सरकारी योजनाओं- प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व बहू सम्मेलन अभियान, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला सम्मान कोष,नारी शक्ति वंदन अधिनियम,मातृ शक्ति को सम्बल,निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि विभिन्न सरकारी योजनाओं से अवगत कराया गया तथा मिशन शक्ति फेज 05 (द्वितीय चरण) कार्यक्रम, महिला सशक्तिकरण,एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत जानकारी देते हुए विभिन्न कल्याणकारी हेल्पलाइन नंबरों-112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन, 1076 माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 108 एंबुलेंस सेवा, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन,1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 181 वीमेन हेल्पलाइन, 101अग्निशमन सेवा आदि के बारे में जागरूक किया गया।

**मिशन शक्ति टीम थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर-**

01.हे0का0 अनिल चौहान

02.म0का0 खुशबू सिंह

03. रि0का0 ज्योति शुक्ला

5. म0हो0 प्रतिमा पांडेय

## प्रेस नोट दिनांक 30.06.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के क्रम में थाना लोटन पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम धरनिहवा आदि जगहों पर महिलाओं/ बालिकाओं को महिला सुरक्षा, मिशन शक्ति अभियान, नये कानून, साइबर अपराध सुरक्षा व एंटी रोमियो अभियान के तहत जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 30.06.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी सदर विश्वजीत सौरयान के कुशल निर्देशन तथा थानाध्यक्ष लोटन हरिओम कुशवाहा के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के क्रम में ग्राम धरनिहवा आदि जगहों पर महिलाओं/बालिकाओं को मिशन शक्ति के तहत सरकार के विभिन्न सरकारी योजनाओं-प्रधानमंत्री मातृ वंदना, योजना व बहू सम्मेलन अभियान, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना,रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला सम्मान कोष,नारी शक्ति वंदन अधिनियम,मातृ शक्ति को सम्बल निराश्रित महिला पेंशन योजना,मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि विभिन्न सरकारी योजनाओ से अवगत कराया गया। तथा मिशन शक्ति फेज 05 (द्वितीय चरण) कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण, एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत महिला सम्बन्धित अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्पलाइन नंबरों- 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर, व नए कानून के बारे में जानकारी दी गई व नई धाराओं को भी बताया गया।

**थाना लोटन मिशन शक्ति टीम का विवरण------**

01.आरक्षी शिवपाल सिंह यादव

02.महिला आरक्षी नेहा तिवारी

# प्रेस नोट दिनांक 30.06.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना ढेबरुआ मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम- खजुरिया शर्की की महिलाओं/ बालिकाओं को बहू बेटी सम्मेलन व साईबर जागरूकता अभियान के तहत महिला अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध मे जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में व मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक दुर्गा प्रसाद के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 30.06.2026 को थाना क्षेत्र के ग्राम- खजुरिया शर्की की महिलाओं/ बालिकाओं को बहू बेटी सम्मेलन व साईबर जागरूकता अभियान के तहत महिला अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध मे जागरूक किया गया तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे मे जानकारी दी गयी तथा मिशन शक्ति 5.0 स्टीकर भी चस्पा किया गया। मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र व साईबर सेल जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती हैं। सम्मेलन में उपस्थित सभी बहू-बेटियों से खुद की समस्या कें बारे मे पूछा गया तो किसी भी बहू-बेटियों द्वारा कोई समस्या नही बतायी गयी। तथा मिशन शक्ति फेज 5.0 के विषय मे महिलाओं को महिला सम्वन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर नए कानून के बारे में जानकारी दी गई।

## प्रेस नोट दिनांक 30.06.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा-2026 के दृष्टिगत जयकिसान इण्टर कालेज सकतपुर सनई परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण किया गया तथा संबंधित को दिए गए आवश्यक दिशा निर्देश।**

आज दिनांक 30.06.2026 को शिवशरणप्पा जी0एन0 जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर व डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा(UPTET)-2026 के दृष्टिगत जयकिसान इण्टर कालेज सकतपुर सनई परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण किया गया तथा बिजली, सीसीटीवी, परीक्षार्थियों के बैठने के स्थान व अन्य सुविधाओ को देखा गया तथा संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

## प्रेस नोट दिनांक 30.06.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा-2026 को शुचितापूर्ण एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के दृष्टिगत कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में की गयी गोष्ठी।**

आज दिनांक 30.06.2026 को जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर की संयुक्त अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में केंद्र व्यवस्थापकों, सेक्टर मजिस्ट्रेटों एवं पुलिस अधिकारियों के साथ गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी में जिलाधिकारी द्वारा सभी केंद्र व्यवस्थापकों को परीक्षा केंद्रों पर आयोग द्वारा जारी मानक के अनुसार समस्त व्यवस्थाएं समय से पूर्ण करने तथा सीसीटीवी कैमरे, जैमर, बायोमेट्रिक व वीडियोग्राफी की व्यवस्था अनिवार्य रूप से सक्रिय रखी जाए। परीक्षा केंद्र पर किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में बताया गया कि प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, तथा स्ट्रांग रूम की 24 घंटे निगरानी हेतु बताया गया तथा सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट व पुलिस अधिकारियों को आपसी समन्वय से कार्य करते हुए परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु निर्देशित किया गया।

# प्रेस नोट दिनांक 30.06.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆ **थाना खेसरहा पुलिस द्वारा 02 नफर वारण्टी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय के आदेश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन व शुबेन्दु सिंह क्षेत्राधिकारी बाँसी के कुशल पर्यवेक्षण, अनूप कुमार मिश्र थानाध्यक्ष थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 30.06.2026 को थाना खेसरहा पुलिस द्वारा मा0 न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट बांसी सिद्धार्थनगर द्वारा निर्गत एनबीडब्लु वारण्ट से सम्बन्धित 02 वारन्टीगण को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय जे0एम0 बांसी जनपद सिद्धार्थनगर भेजा गया।

**गिरफ्तार वारण्टी का विवरण: -**

1.इन्द्रजीत उर्फ पन्नू रिखई निवासी परोई थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर।

2.द्वारिका यादव पुत्र रमई यादव निवासी पेडारी बुजुर्ग थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण:-**

1. उ0नि0 कुंज बिहारी तिवारी थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर
2. का0 स्वयम्बर सिंह थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर
3. का0 रतनदीप गोड़ थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर

## प्रेस नोट दिनांक 30.06.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆शिवनगर डिड़ई पुलिस द्वारा 01 वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा गया माननीय न्यायालय।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ0 अभिषेक महाजन जनपद सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में एवं अपर पुलिस अधीक्षक प्रशान्त कुमार प्रसाद के निर्देशन, व क्षेत्राधिकारी बांसी सुबेन्दु सिंह के कुशल पर्वेक्षण में थानाध्यक्ष बृजेश सिंह थाना शिवनगर डिडई के कुशल नेतृत्व में चलाये जा रहे अभियान वांछित, वारंटी के तहत गिरफ्तारी अभियान के तहत थाना शिवनगर डिड़ई पुलिस द्वारा 01 नफर वारंटी मु0सं0 865/2012 धारा 323/427/452/504/506 भादवि में गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

**गिरफ्तार वारंटी का विवरण -**

**1**. रमेश चन्द्र पुत्र राम उजागिर निवासी सुकरौली थाना शिवनगर डिड़ई जनपद सिद्धार्थनगर ।

**गिरफ्तार करने वाली टीम विवरण-**

01.उ0नि0 मृत्युंजय मिश्र थाना शिवनगर डिड़ई जनपद सिद्धार्थनगर।

02. का0 शनि यादव थाना शिवनगर डिड़ई जनपद सिद्धार्थनगर।

03. का0 प्रमोद यादव थाना शिवनगर डिडई जनपद सिद्धार्थनगर।

## प्रेस नोट दिनांक 30.06.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆थाना शिवनगर डिड़ई पुलिस द्वारा नाबालिग से सामुहिक दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा गया माननीय न्यायालय।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ0 अभिषेक महाजन जनपद सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में एवं अपर पुलिस अधीक्षक प्रशान्त कुमार प्रसाद के निर्देशन, व क्षेत्राधिकारी बांसी सुबेन्दु सिंह के कुशल पर्वेक्षण में थानाध्यक्ष बृजेश सिंह थाना शिवनगर डिडई के कुशल नेतृत्व में चलाये जा रहे अभियान वांछित के गिरफ्तारी अभियान के तहत आज दिनांक 30.03.2026 को थाना शिवनगर डिड़ई पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 45/2026 धारा 137(2),87,70(2) बीएनएस व 3/4 पाक्सो एक्ट में वांछित चल रहे अभियुक्त को तिगोड़वा करही मार्ग से जोगिया खुर्द तिराहे से गिरफ्तार कर, आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

**गिरफ्तार वांछित अभियुक्त का विवरण -**

1.परवेश पुत्र राधेश्याम निवासीगण डड़वा भईया थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।

**गिरफ्तार करने वाली टीम विवरण-**

01.उ0नि0 मृत्युंजय मिश्र थाना शिवनगर डिड़ई जनपद सिद्धार्थनगर।

02. का0 शनि यादव थाना शिवनगर डिड़ई जनपद सिद्धार्थनगर।

03. का0 अभिनव थाना शिवनगर डिडई जनपद सिद्धार्थनगर।

## प्रेस नोट दिनांक 30.06.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆थाना मिश्रौलिया पुलिस द्वारा 02 नफर बाल अपचारी को हिरासत में लेकर व 01 नफर अभियुक्त गिरफ्तार कर चोरी की घटना का किया गया अनावरण।**

डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में व पवीन प्रकाश क्षेत्राधिकारी इटवा के कुशल निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक मिश्रौलिया मनोज कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में आज दिनांक 30.06.2026 को थाना मिश्रौलिया पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 109/2026 धारा 305(C), 324(2) 317(2) बीएनएस में सम्बन्धित 02 नफर बाल अपचारी को हिरासत में लेकर व 01 अभियुक्त को अभियोग पंजीकृत होने के 24 घंटे के भीतर चोरी के सामान के साथ मधवापुर बंधे से गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त व बाल अपचारी का विवरण का विवरणः-**

01. अभियुक्त अहमद उर्फ मद्दा पुत्र असलम साकिन भैसहवा, थाना मिश्रौलिया, जनपद सिद्धार्थनगर।

**बरामदगी का विवरण-**

एक जोड़ी पायल व दो जोड़ी विछुआ व 3300/- रुपये नगद

**गिरफ्तार करने अधि0/कर्मचारीगण का विवरण -**

1. उ0नि0 राजकुमार थाना मिश्रौलिया जनपद सिद्धार्थनगर।
2. हे0का0 तेजप्रकाश मौर्या थाना मिश्रौलिया जनपद सिद्धार्थनगर।
3. का0 कुलभास्कर वर्मा थाना मिश्रौलिया जनपद सिद्धार्थनगर।
4. रि0का0 रोहित नन्दन थाना मिश्रौलिया जनपद सिद्धार्थनगर।

05.रि0का0 विकास पान्डेय थाना मिश्रौलिया जनपद सिद्धार्थनगर।

# प्रेस नोट दिनांक 30.06.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆ रिजर्व पुलिस लाइन सभागार में जनपदीय साइबर सेल द्वारा थानो पर गठित साइबर सेल को MRM/GRMPortal के रिफंड प्रक्रिया व OCOW or cyber tipline के बारे में प्रशिक्षण दिया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा "साइबर अपराध सुरक्षा जागरूकता अभियान" के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में व  प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में, क्षेत्राधिकारी साइबर/अपराध सुश्री रोहिणी यादव की द्वारा पुलिस लाइन सभागार में आज दिनांक 30.06.2026 को निरीक्षक जनपदीय साइबर सेल पंकज कुमार सिंह  व जनपदीय साइबर सेल कर्मचारीगण की मौजूदगी में जनपद के थानो पर गठित साइबर सेल टीम को MRM (MONEY RESTORATION MODULE) के माध्यम से एनसीआरपी पोर्टल पर होल्ड धनराशि को पुनःआवेदक के खाते में रिफंड कराने की प्रक्रिया तथा OCOW or cyber tipline के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। उक्त प्रशिक्षण में समस्त थाना के साइबर सेल प्रभारी व साइबर सेल में नियुक्त कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## प्रेस नोट दिनांक 30.06.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆ थाना डुमरियागंज पुलिस द्वारा दहेज हत्या के आरोपी वांछित 03 अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में व प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर  के कुशल पर्यवेक्षण में व  बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के कुशल निर्देशन में श्रीप्रकाश यादव प्रभारी निरीक्षक थाना डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में आज दिनांक 30.06.2026 को अपराध एवं अपराधियों के रोकथाम हेतु  चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना डुमरियागंज पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 155/2026 धारा 80(2),85 बी0एन0एस0 व ¾ डीपी एक्ट से सम्बन्धित 03 नफर वाछिंत अभियुक्तगण को कुशहटा गांव के दक्षिण स्थित पुलिया से गिरफ्तार कर, आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर माननीय न्यायालय भेजा गया l

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का  विवरण -**

01. मो0 क्यूम पुत्र मो0 रजा निवासी चकमझारी थाना डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर।
02.मो0 रजा पुत्र बहरैची निवासी चकमझारी थाना डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर।
03.मोहरा पत्नी मो0 रजा निवासी चकमझारी थाना डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण**

01.उ0नि0 राममिलन आजाद थाना डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर।
02.उ0 नि0 अकरम खांन थाना डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर।
03. हे0का0 रवि गौड़ थाना डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर।
04.का0 अमन प्रतीक दूबे थाना डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर।
05.रि0 म0का0 दिव्या यादव थाना डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर।

# प्रेस नोट दिनांक 30.06.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆"आपरेशन कन्विक्शन" के तहत जिला मानिटरिंग सेल व थाना भवानीगंज पुलिस की प्रभावी पैरवी से मारपीट के 02 आरोपियों को न्यायालय उठने तक की सजा व ₹3,500- 3,500/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया।**

पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा चलाये जा रहे "आपरेशन कन्विक्शन" के तहत डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी पैरवी कराकर सजा दिलाने के क्रम में दिनांक 10.06.2026 को वाद सं0-785/2019 मु0अ0सं0-45/2008 धारा 323,504,506 भादवि थाना भवानीगंज में पुलिस की प्रभावी पैरवी पर माननीय न्यायाधीश श्री उदयन कुमार गौतम जे0 एम0 डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्तगण 01.तरन्नू पुत्री अब्दुल मामूद उर्फ चिन्ना 02. अफशाना पुत्री अब्दुल मामूद उर्फ चिन्ना निवासीगण चकचई थाना भवानीगंज को न्यायालय उठने तक की सजा व ₹3,500- 3,500/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया। सजा कराये जाने में जिला मानिटरिंग सेल, अभियोजक जज कुमार राना तथा न्यायालय पैरोकार आरक्षी सौरभ अग्रहरी थाना भवानीगंज का सराहनीय योगदान रहा।

## प्रेस नोट दिनांक 30.06.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ द्वारा शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु थाना चिल्हिया पुलिस के साथ कस्बा चिल्हिया में पैदल गश्त किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में आज दिनांक 30.06.2026 को प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ मयंक द्विवेदी द्वारा शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु थाना चिल्हिया पुलिस के साथ कस्बा चिल्हिया में पैदल गश्त किया गया।

## प्रेस नोट दिनांक 30.06.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆ जनपदीय पुलिस द्वारा आगामी त्यौहार व जनपद में शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अपने-अपने थाना क्षेत्रो में पैदल गश्त/चेकिंग किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में आज दिनांक 30.06.2026 को प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी, समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष द्वारा जनपद में आगामी त्यौहार व जनपद में शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अपने-अपने सर्किल, थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले चिह्नित हॉट स्पॉट पर एवं उसके आस-पास के क्षेत्रों में पैदल गश्त/चेकिंग किया जा रहा है तथा आम जनमानस मे सुरक्षा का एहसास कराते हुये आपस में सौहार्द बनाये रखने हेतु अपील की गयी।

# प्रेस नोट दिनांक 30.06.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆ **क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ द्वारा थाना चिल्हिया पर लम्बित विवेचनाओं के निस्तारण के सम्बन्ध में थाना चिल्हिया के विवेचकगण का अर्दली रूम किया गया व आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में, प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में आज दिनांक 30.06.2026 को मयंक द्विवेदी, क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ द्वारा थाना चिल्हिया पर थाना चिल्हिया के विवेचकगण का अर्दली रुम/अपराध समीक्षा गोष्ठी कर कानून-व्यवस्था की समीक्षा की गयी तथा विवेचकगण को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये । तत्पश्चात विवेचनाओं के निस्तारण, ई-साक्ष्य ऐप, ई-सम्मन ऐप, पुराने मामलों के निस्तारण, जनशिकायत द्वारा प्राप्त प्रार्थना-पत्रों के निस्तारण के सम्बन्ध में निर्देश दिये गये। शहर व ग्रामीण इलाकों में पैदल गश्त, साइबर अपराध के रोकथाम सम्बन्धी प्रचार-प्रसार, साक्ष्य के आधार पर विवेचनाओं का निस्तारण एवं अभियुक्तों के प्रति वैधानिक कार्यवाही, साइबर अपराध, निरोधात्मक कार्यवाही में गुण्डा अधिनियम, गैंगेस्टर अधिनियम जांच के अन्तर्गत कार्यवाही किये जाने आदि बिन्दुओं पर निर्देश दिया गया